भारत के माननीय राष्ट्रपति ने उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार प्रदान किए

नई दिल्ली, 12 अगस्त, 2014: भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने आज संसदीय ज्ञानपीठ के जीएमसी बालयोगी सभागार में आयोजित एक समारोह में वर्ष 2010, 2011 और 2012 के उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार क्रमशः श्री अरुण जेटली, डॉ. कर्ण सिंह और श्री शरद यादव को प्रदान किए ।

माननीय राष्ट्रपति के अलावा भारत के माननीय उपराष्ट्रपति, श्री मोहम्मद हामिद अंसारी; माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी; माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने इस अवसर पर विशिष्टजनों को संबोधित किया ।

इस अवसर पर बोलते हुए, लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि भारतीय संसदीय ग्रुप द्वारा स्थापित यह उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार उन सांसदों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने बहुमूल्य योगदान देते हुए अपने संसदीय कर्त्तव्यों का निवर्हन किया, अनुकरणीय दृष्टांत प्रस्तुत किए और उच्च मानक स्थापित किए हैं ।

श्रीमती महाजन ने आगे कहा कि कम उम्र में ही सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करने वाले श्री जेटली प्रशासनिक कौशल के धनी हैं और विधि व वित्तीय मामलों में उनकी समझ बहुत उत्कृष्ट है । वे देश की जनता की नब्ज़ जानते हैं और उनकी आवश्यकताओं को समझते हैं । वह पिछले कई वर्षों से एक सांसद के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं और उनके द्वारा व्यक्त किए गए विचार सभा की कार्रवाई में सदैव प्रभावी सिद्ध हुए हैं ।

डा. कर्ण सिंह के उत्कृष्ट कैरियर के विषय में बोलते हुए श्रीमती महाजन ने कहा कि वे एक विशिष्ट सांसद, सुप्रसिद्ध लेखक, दर्शनवादी शिक्षाविद्, पर्यावरणविद् और हमारे देश की संस्कृति के राजदूत रहे हैं ।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि श्री यादव बहुमुखी प्रतिभा वाले राजनीतिज्ञ हैं जिनका व्यक्तित्व बहुत ही सादा और सर्वजनप्रिय है, लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि श्री यादव देश के गरीब, शोषित, पीड़ित जनता की समस्याओं को अत्यंत सहजता और सरलता से समझ लेते हैं एवं उनसे संबंधित मसलों को बहुत ही मजबूती के साथ संसद और अन्य मंचों पर उठाते हैं ।

श्रीमती सुमित्रा महाजन ने यह भी कहा कि वर्तमान लोक सभा में अधिकांश सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार निर्वाचित हुए हैं । उन्होंने यह कहा कि युवा सांसदों को इन अनुभवी और वरिष्ठ सदस्यों से प्रेरणा लेकर सीख लेनी चाहिए ।

इससे पहले उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार श्री इन्द्रजीत गुप्त, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्री चन्द्रशेखर, श्री सोमनाथ चटर्जी, श्री प्रणब मुखर्जी, श्री एस. जयपाल रेड्डी, श्री लालकृष्ण आडवाणी, श्री अर्जुन सिंह, श्री जसवंत सिंह, डा. मनमोहन सिंह, श्री शरद पवार, श्रीमती सुषमा स्वराज, श्री पी.चिदम्बरम, श्री मणिशंकर अय्यर, श्री प्रियरंजन दासमुंशी, श्री मोहन सिंह और डा. मुरली मनोहर जोशी को प्रदान किया गया है ।

भारतीय संसदीय ग्रुप ने उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार प्रति वर्ष संसद के वर्तमान सदस्य को दिए जाने की शुरूआत की है ।